आएगा जाने कब वो दिन,
बैठेंगे तेरे द्वार पर,
भजनो को हम सुनाएंगे,
बाबा मेरी विनती सुनो,
जाना ना हाथ छोड़ कर,
तुमको ही हम बुलाएँगे।।

तर्ज जाने कहाँ गए वो दिन।

तरस गई मेरी नज़र,
दर्शन को तेरे सांवरे,
दीवाना दिल मचल रहा,
कहते हैं लोग बावरे,
आयेगा जाने कब वो दिन,
बैठेंगे तेरे द्वार पर,
भजनो को हम सुनाएंगे।।

क्या भेंट दे तुमको सांवरे,
देने को ना कुछ भी पास है,
तेरे लिए बना लिया,
इक आंसुओं का हार है,
आयेगा जाने कब वो दिन,
बैठेंगे तेरे द्वार पर,
भजनो को हम सुनाएंगे।।

कुछ पास में अब हो ना हो,
लब पे तेरा नाम आये सदा,
सुनकर यही दुनिया कहे,
प्रिंस हुआ तेरा बावरा,
बाबा सुनो कहे सत्य ये,
चरणों में तेरे रहना सदा,
ज्योति की अर्ज़ी है अब मान लो,
पहुंचे वहां तुम हो जहाँ,
रहना वहां तुम हो जहाँ,
आयेगा जाने कब वो दिन,
बैठेंगे तेरे द्वार पर,
भजनो को हम सुनाएंगे।।

आएगा जाने कब वो दिन,
बैठेंगे तेरे द्वार पर,
भजनो को हम सुनाएंगे,
बाबा मेरी विनती सुनो,
जाना ना हाथ छोड़ कर,
तुमको ही हम बुलाएँगे।।

Singer Prince Harry

Source:
https://www.bharattemples.com/aayega-jane-kab-wo-din-baithenge-tere-dwar-par/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw